Durga Mandir has been inaugrated at Kolabira Village

Udit Wani Newspaper : 20.10.2016

कोलाबिरा दुर्गामंदिर व दुर्गापूजा मेला उद्घाटित

गम्हरिया : महाषष्ठी को आरकेएफएल के एचआर सत्यप्रकाश ने कोलाबिरा दुर्गामंदिर व मेला का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने 13 गावों की ओर से दुर्गापूजा कमिटी का संरक्षक बनाये जाने पर आभार प्रकट कर दुर्गापूजा धूमधाम एवं आपसी भाईचारा से मनाने की अपील की. उन्होंने मंदिर निर्माण में कम्पनी की सहभागिता का जिक्र करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण धार्मिक भावना की उत्पति है. मौके पर उन्होंने मां दुर्गा से आपसी सौहार्द बनाने रखने के लिए याचनाएं की तथा सबकों साथ लेकर समाज को प्रगति पथ पर आगे ले आने का आशीष मांगा. समारोह का संचालन पूजा कमिटी के मुख्य आयोजक सह समाज सेवी रविन्द्र मंडल ने किया. इस मौके पर 500 महिलाओं के बीच साडी वितरण किया गया. समारोह में मुख्य रूप से आरकेएफएल के एचआर सोमनाथ साहु, गोपाल सिंहदेव, नवीन सिंहा, केएन देव, एंथोनी साहा, के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उपस्थित थी.

उद्घाटन समारोह में उपस्थित भीड़.